ऐ भोलेनाथ देना हमको भी सहारा

दिल ने तड़प कर आज ये भोले को पुकारा,
हम हो गया तुम्हारे और तू है हमारा,
अब पार लगा दो इसे या इसको डुबो दो,
निकला हूँ घर से लेकर तेरा ही सहारा।

ऐ भोलेनाथ देना हमको भी सहारा,
वो चला बोलता कांवरिया,
बम बम का ये नारा।

डंका तुम्हारे नाम का बजता है जहाँ में,
पूजा तुम्हारी होती है हर घर में मकां में,
माथे पे चमकता है तेरे चाँद सितारा,
वो चला बोलता कांवरिया,
बम बम का ये नारा।

ऐ भोलेनाथ तुमसे कोई दानी नहीं है
दोनों जहाँ में शिव का मेरे सानी नहीं है
तेरे जटा से बहती है गंगा की ये धरा
वो चला बोलता कांवरिया,
बम बम का ये नारा।

सोनू भी भोलेनाथ का दीवाना हो गया
मस्ती में झूमता रहा मस्ताना हो गया
है महिमा निराली तेरी मुखड़ा भी है प्यारा
वो चला बोलता कांवरिया,
बम बम का ये नारा।

ऐ भोलेनाथ देना हमको भी सहारा,
वो चला बोलता कांवरिया,
बम बम का ये नारा।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25541/title/eh-bholenaath-dena-humko-bhi-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |